मूल्य 1 रु.
वर्ष: 12 - अंक : 182, मुंबई, शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर्यटकों के लिए बंद



## रायगढ़ में संदिग्ध बोट मिलने के बाद फैसला

**संवाददाता / मुंबई।** गेटवे ऑफ इंडिया को आम पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। मुंबई से सटे रायगढ़ जिले के श्रीवर्धन तालुका के हरिहरेश्वर समुद्री तट पर छह दिनों पहले एक संदिग्ध बोट मिली थी। इस बोट में कुछ हथियार भी पाए गए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए, सुरक्षात्मक उपायों के तहत मुंबई में स्थित गेटवे ऑफ इंडिया में अगले कुछ दिनों के लिए पर्यटकों की एंट्री बंद कर दी गई है। जब तक इस संबंध में अगली सूचना नहीं आती, तब तक यहां पर्यटकों की एंट्री बंद रहेगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# औरंगाबाद का संभाजीनगर, उस्मानाबाद का धाराशीव होगा नाम

## महाराष्ट्र विधानसभा में प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के आखिरी दिन कई अहम फैसले किए गए। उन फैसलों में से एक औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशीव करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इनके अलावा नवी मुंबई एयरपोर्ट का नाम दि. बा. पाटील के नाम पर रखे जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा मुंबई के बीडीडी चॉल में रहने वाले पुलिसकर्मियों को 15 लाख रुपए में घर देने की भी घोषणा की। सीएम शिंदे ने कहा कि हां वे कॉन्ट्रैक्ट में लिए गए सीएम हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के विकास का कॉन्ट्रैक्ट अपने हाथों में लिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



**'फडणवीस फिर लौट कर आए, मुझे भी लेकर आए':** जवाब में गुरुवार को मानसून सत्र के आखिरी दिन सीएम शिंदे ने कहा, आपने मुझे सीएम पद का ऑफर देने से पहले दादा अजित पवार से पूछा? आप भी विपक्षी नेता बनना चाहते थे, बन गए? दादा की दादागिरी चलती रहेगी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि मैं फिर आऊंगा, आपने उनका 2019 में मजाक उड़ाया। वे फिर आए, साथ में मुझे भी ले आए। वे जब अकेले थे और बीजेपी-शिवसेना की सरकार थी तो अकेले विपक्ष को देख लेते थे। अब तो मैं भी उनके साथ हूं। एक से भले दो।



# बीजेपी राष्ट्रीय पार्टी है या चोर बाजार?

## उद्धव ठाकरे ने किया जोरदार प्रहार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जब से शिवसेना के 55 में से 40 विधायकों को लेकर सीएम एकनाथ शिंदे ने बीजेपी के साथ राज्य में सरकार बनाई है, तब से शिवसेना और बीजेपी के बीच संबंधों में तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसी तनावपूर्ण संबंधों के बीच शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे का एक विवादास्पद बयान सामने आया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# सोनाली फोगाट की मौत में हत्या का केस दर्ज



## पोस्टमॉर्टम में चोट के कई निशान मिले, पीए सुधीर और सुखविंदर गिरफ्तार

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**हिसार।** हरियाणा बीजेपी की नेता और टिक-टॉक स्टार सोनाली फोगाट की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को गोवा पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। सोनाली के भाई रिंकू ढाका की शिकायत पर सोनाली के पीए सुधीर सांगवान और उसके साथी सुखविंदर को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोनाली के शव का गुरुवार दोपहर गोवा में पोस्टमॉर्टम किया गया। वह 23 अगस्त की सुबह गोवा के एक रिसॉर्ट में मृत मिली थीं। सोनाली के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। जीजा अमन पूनिया ने बताया कि पोस्टमॉर्टम होने के बाद सुधीर और सुखविंदर के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

# छापों का अंजाम

**बुधवार** को बिहार, झारखंड से लेकर गुरुग्राम तक केंद्रीय जांच एजेंसियों की सक्रियता ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। जहां एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, वहीं इस पूरी कवायद का सियासी पहलू भी चर्चा में बहुत हावी है। ताबड़तोड़ छापेमारी के मायने तलाशे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में पटना में राष्ट्रीय जनता दल के विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह, सांसद फैयाज अहमद, सांसद अशफाक, पूर्व विधान परिषद सदस्य सुबोध राय के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की है। सुनील सिंह को लालू प्रसाद यादव के करीबी नेताओं में गिना जाता रहा है। यह मामला पुराना है, जब लालू यादव केंद्र में रेल मंत्री हुआ करते थे, तब उन पर नौकरी के बदले जमीन लेने के आरोप लगे थे। इस समय सीबीआई की छापेमारी भले नई लग रही हो, पर यह मामला बहुत पुराना है। अभी चर्चा इसलिए गंभीर हो गई, क्योंकि जिस दिन बिहार की नई सरकार को बहुमत सिद्ध करना था, उसी दिन छापे पड़ गए। पटना, कटिहार, मधुबनी के अलावा दिल्ली, गुरुग्राम में पड़े छापे आने वाले दिनों में चर्चा में रहेंगे और सियासत को गरमाते रहेंगे। उधर, झारखंड खनन घोटाले को लेकर ईडी सक्रिय है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि और विधायक पंकज मिश्रा से पूछताछ के बाद छापेमारी हुई है। कुल मिलाकर, केंद्रीय एजेंसियों की सक्रियता देश में कहां-कहां रही है, इसकी एक लंबी सूची बनाई जा सकती है। पुराने मामलों में नई सक्रियता किस कदर कामयाब होगी, कहना मुश्किल है। पर अगर कहीं गड़बड़ या अपराध को अंजाम दिया गया है, तो जांच एजेंसियों को बिना समय गंवाए जांच को अंजाम पर पहुंचाना चाहिए। कई बार यह एहसास होता है कि एजेंसियों की आधी-अधूरी सक्रियता के पीछे सियासी वजहें होती हैं, इसलिए कुछ मामले ऐसे छूट जाते हैं या छोड़ दिए जाते हैं, जिन्हें कभी भी उठाकर विरोधियों को परेशान करने की गुंजाइश बनी रहती है। यह किसी लोकतांत्रिक और स्थापित कानून के शासन वाले देश के लिए अच्छी बात नहीं है। जांच एजेंसियों को सियासत से ऊपर उठकर काम करना चाहिए, ताकि अगर कोई दोषी है, तो उसे सजा मिलने में देरी न हो। जहां तक एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत है, तो किसी गलत परिपाटी का दुष्परिणाम हर किसी को भुगतना पड़ेगा। गौर कीजिए, राष्ट्रीय जनता दल ने साफ आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसियां भाजपा की पार्टनर के तौर पर काम कर रही हैं। अब बात एजेंसियों की विश्वसनीयता की है, उन्हें खुद का दामन भी साफ दिखना होगा। अगर गलत काम करने वालों को सिर्फ किसी के पाले में लाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, तो फिर यकीन मानिए, देश और बुरा वक्त देखेगा। ध्यान रहे, एक समय केंद्रीय एजेंसियों के छापे का बहुत महत्व होता था, बहुत सुनिश्चित होने के बाद ही एजेंसियां छापेमारी को अंजाम देती थीं और फिर अकाट्य साक्ष्य हाथ लगते थे। अब तो एक आशंका यह भी है कि केंद्रीय एजेंसियों का भय कहीं भ्रष्ट राजनेताओं के दिल से निकल न जाए। अतः जरूरी है कि एजेंसियां सत्य व साक्ष्य से संचालित हों। यह बात छिपी नहीं है कि नौकरी देने में कई दफा भ्रष्टाचार होता है और शिकायतों पर अक्सर परदा डाल दिया जाता है। अब सीबीआई की नई सक्रियता से उम्मीद बढ़ी है कि अब जब राज्यों में नौकरियां दी जाएंगी, तो उनमें कोई भ्रष्टाचार नहीं होगा। किसी पुरानी गलती से सीखना भी विकास है।

# बिलकिस बानो मामला सुनेगा सुप्रीम कोर्ट



**गुजरात** दंगों में से जुड़े बिलकिस बानो मामले को सुनने के लिए सर्वोच्च अदालत तैयार हो गई है। बिलकिस बानो से बलात्कार करने और उसकी तीन साल की बेटी सहित परिवार के कई लोगों की हत्या के दोषियों की रिहाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। पिछले दिनों आजादी दिवस के मौके पर इस मामले को 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा कर दिया गया था। जेल से बाहर आने पर उनका सार्वजनिक अभिनंदन भी किया गया। इन 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर जल्दी सुनवाई की मांग की गई है। शुरूआत में सुभासिनी अली, रेवती लाल और रूप रेखा वर्मा ने याचिका दायर की। बाद में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी इस मामले में याचिका दायर की। इन याचिकाओं पर चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा कि वे इस मामले को देखेंगे। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और वकील अपर्णा भट ने जल्दी सुनवाई की मांग की है। कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले की बुधवार को ही सुनवाई हो। उन्होंने कहा कि 14 लोगों की हत्या और गर्भवती महिला से गैंगरेप के 11 दोषियों को गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया है। इस पर अदालत ने कहा कि वह इस मामले को देखेगी। इससे पहले दोषियों की रिहाई को लेकर. बिलकिस ने कहा था कि इस कदम ने न्याय के प्रति उनके विश्वास को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने कहा- दो दिन पहले, 15 अगस्त 2022 को पिछले 20 साल का दर्द फिर से उभर आया। जब मैंने सुना कि जिन 11 दोषियों ने मेरे परिवार और मेरी जिंदगी को तबाह किया था और मेरी तीन साल की बेटी को मुझसे छीना था, आजाद हो गए हैं। इस बीच बिलकिस बानो मामले के आरोपियों को सजा सुनाने वाले बांबे हाई कोर्ट के जज ने कहा है कि गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के 11 दोषियों को रिहा नहीं किया जाना चाहिए था। करीब 14 साल पहले इन लोगों को दोषी ठहराने वाले जज जस्टिस यूडी साल्वी ने एक विचारधारा के लोगों की ओर से दोषियों के मिठाई और फूलमालाओं से स्वागत की भी आलोचना की। हाई कोर्ट के रिटायर जज जस्टिस यूडी साल्वी ने कहा- जिसने भी यह फैसला लिया, उसे इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। मैं बस इतना ही कह सकता हूं। उन्होंने कहा- यह मामला हर प्रक्रिया से गुजरा और हम सभी जानते हैं कि इन 11 दोषियों को तमाम सबूतों के बाद उम्रकैद की सजा मिली थी। अब सरकार ने बाद में क्या सोचा, यह एक सवाल है।

# रूस ने पकड़ा भारत का दुश्मन

**रूस** से संबंधित अभी-अभी दो घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्होंने सारी दुनिया का ध्यान खींचा है। पहली घटना है- दारिया दुगिना की हत्या। यह लड़की रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन के मुख्य रणनीतिकार अलेक्जेंडर दुगिना की बेटी थी। दूसरी घटना भारतीयों के लिए और भी ज्यादा गंभीर है। वह है आजमोव की गिरफ्तारी की! आजमोव को रूसी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, क्योंकि उससे कई ठोस प्रमाण मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि उजबेकिस्तान का यह नागरिक किसी बड़े भारतीय नेता की हत्या के लिए तैयार किया गया था। यह 'इस्लामिक स्टेट आफ खुरासान प्राविंस' का कारिंदा है। यह मुसलमान युवक किसी पूर्व-सोवियत राज्य से आकर तुर्किए में प्रशिक्षित हुआ है। इसे जिम्मेदारी दी गई थी कि वह भारत जाकर किसी नेता पर आत्मघाती हमला करे। यह हमला नुपूर शर्मा के बयान के विरोध में होना था। अब से तीन माह पहले 'इस्लामिक स्टेट' ने 50 पृष्ठ का एक दस्तावेज इसी मुद्दे पर जारी किया था, जिस पर गाय के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र भी था।



तुर्किए में प्रशिक्षित यह 30 वर्षीय उजबेक आजमोव रूस पहुंच कर भारत आने की फिराक में था। इसके पीछे काम कर रही 'इस्लामिक स्टेट' चाहती थी कि वह 'अल-कायदा' के उग्रवाद से भी आगे निकल जाए। जब रूसी गुप्तचर एजेंसी ने आजमोव को गिरफ्तार करके कड़ी पूछताछ की तो उसने बहुत-से रहस्यों को उगल दिया। मध्य एशिया के इन पूर्व-सोवियत देशों में इस्लामिक कट्टरवाद को रूसी कम्युनिस्टों ने कभी पनपने नहीं दिया था। इन पांच राष्ट्रों के सात करोड़ लोग ठीक से नमाज पढ़ना भी नहीं जानते थे। वे रोजे भी ठीक से नहीं रखते थे। उन्होंने अपने तुर्की और फारसी नामों का भी रूसीकरण कर लिया था। जैसे आजम का आजमोव और रहमान का रहमानोव। लेकिन पड़ौसी मुस्लिम राष्ट्रों की मेहरबानी से वहां उग्रवाद और आतंकवाद की भट्ठियां धधकने लगी हैं। इन स्वतंत्र हुए सभी प्राचीन आर्य राष्ट्रों में मुझे पहले और अब भी रहने का अवसर मिला है। मैं उनकी भाषा भी बोल लेता हूं। वे यदि उग्रवाद और आतंकवाद को नियंत्रित नहीं कर पाएंगे तो इन देशों को बर्बाद होने से कोई रोक नहीं पाएगा। रूस को इन देशों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी पड़ सकती है। जहां तक दारिया दुगिना की हत्या का सवाल है, रूसी अधिकारियों का कहना है कि एक यूक्रेनी औरत, जिसका नाम नतालिया वोक है, उसने दारिया की हत्या की है। वह भेजी तो गई थी अलेक्जेंडर दुगिना की हत्या के लिए लेकिन दारिया ही उसके हाथ लग गई। दारिया को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रपति पूतिन ने उसे गहन राष्ट्रवादी और निर्भीक युवती बताया है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति तथा अन्य अधिकारियों ने इस हत्याकांड से अपना कोई भी वास्ता नहीं बताया है लेकिन यह घटना रूस-यूक्रेन युद्ध को और भी गंभीर रूप प्रदान कर सकती है।


मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# रेलवे डीआरएम मुंबई को मुंब्रा शहर में एस्केलेटर और लिफ्ट की सुविधाएं पर्याप्त नहीं करने पर एमआईएम के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष सैफ पठान द्वारा भेजा गया लीगल नोटिस

**संवाददता/समद खान**

**मुंब्रा।** रेलवे प्रशासन द्वारा मुंब्रा शहर वासियों के साथ बीते चार वर्षों से सौतेला व्यवहार के कारण एस्केलेटर और लिफ्ट की सुविधाएं अब तक मुंब्रा स्टेशन पर प्रदान नहीं की गई है कई वर्षों से मुंब्रा शहर वासियों को रेल प्रशासन द्वारा लॉलीपॉप दिया जा रहा है इसके चलते एमआईएम के कलवा मुंब्रा अध्यक्ष सैफ पठान द्वारा गत 23 अगस्त मंगलवार को हाईकोर्ट के एडवोकेट जब्बार मोमिन के जरिए मुंब्रा रहवासियों को एस्केलेटर की और लिफ्ट की सेवाएं प्रधान नहीं करने पर डीआरएम रेलवे को लीगल नोटिस भेजा गया है जिसमें उन्होंने कहा जल्दी निर्णय लेने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य के रेल मंत्री रावसाहेब दानवे और राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सीसी भेजा है नोटिस में बताया गया है सीएसटी से लेकर कल्याण स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जा चुके हैं केवल मुंब्रा स्टेशन में अब तक लिफ्ट और एस्केलेटर नहीं लगाए गए है 27/07/2018 से 22/12/2021 के तमाम पत्र व्यवहार की कॉपी लगाकर जो कि रेल प्रशासन को दिया गया था और रेल प्रशासन की तरफ से आए हुए जवाबों को रेल प्रशासन को दिया गया है 10/07/2019 को सैफ पठान द्वारा मुंब्रा में एस्केलेटर लगाए जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल भी की थी जिसके लिए रेल प्रशासन की तरफ से 11/07/2019 पत्र दिया गया था और उसमें कहा गया था 6 से 8 महीनों के भीतर मुंब्रा स्टेशन पर एस्केलेटर और लिफ्ट लगाई जाएंगी लेकिन रेल प्रशासन द्वारा किया गया वादा पूरा नहीं किया गया उसके बाद भी हमारा प्रयत्न लगातार जारी रहा 25/01/2021 को मिस्टर एच एस सूद (डीईई) द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया की 5/05/2021 तक मुंब्रा स्टेशन में एस्केलेटर लगा दिया जाएगा उसके बाद सैफ पठान ने 23/08/2021 को हैदराबाद से पत्र पोस्ट करके रेलवे डीआरएम और डीईई मिस्टर सूद को बताया की जैसे आपने कहा था वैसे मार्च 2021 से एस्केलेटर और लिफ्ट में इस्तेमाल होने वाले सारे उपकरण मुंब्रा स्टेशन पर आ गए हैं मगर 17 महीने से एक कोने में पड़ा सड़ रहे हैं उन्होंने बताया लगातार प्रयत्न करने के बाद धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल करने के बाद एस्केलेटर के उपकरण तो मुंब्रा स्टेशन पर आ गए लेकिन राजनीतिक षड्यंत्र और मुंब्रा के राजनेता के श्रेयवाद लेने के कारण एस्केलेटर और लिफ्ट मुंब्रा स्टेशन पर नहीं लगाई गई एक तो पहले से ही मुंब्रा शहर की जनता परेशान है उस पर से रेलवे प्रशासन द्वारा सुविधाएं प्रदान करने की बजाए मुंब्रा शहर वासियों को पीड़ाए दी जा रही है प्लेटफार्म बढ़ा दिया गया प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 को फास्ट ट्रैक रूट बना दिया गया है और 3 और 4 प्लेटफार्म से सीएसटी आने जाने वाली ट्रेन शुरू कर दी गई है प्लेटफार्म नंबर 3 और 4 प्लेटफार्म से यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए 40 सीडीओ वाला पुल का इस्तेमाल करना पड़ रहा है और अब तक मुंब्रा स्टेशन पर एस्केलेटर और लिफ्ट नहीं लगाई गई है सैफ पठान ने रेलवे प्रशासन को नोटिस में कहां है चार वर्षों के प्रयत्न करने के बाद भी आप लोगों ने हमेशा वादे को तोड़ा है और सिर्फ मुंब्रा शहर वासियों को बाबाजी का ठुल्लू दिया है अब नहीं उन्होंने रेल प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा एक महीने के भीतर एस्केलेटर और लिफ्ट नहीं लगाए गए तो हम कोर्ट में मुंब्रा की जनता के साथ उनकी सुविधा के प्रति की गई लापरवाही के विरोध में हाईकोर्ट में केस फाइल करेंगे और जब तक एस्केलेटर नहीं लग जाता तब तक प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 से फास्ट ट्रैक रूट बंद करके धीमी ट्रेन रूट आने जाने के लिए शुरू किया जाए।



Mob.: 9029610526
Email: abdulj751@gmail.com

Off.: Shop No. 5, Panna Apt., Hira Panna Co-op Hsg Society Ltd, Mumbra Market, Mumbra, Thane - 400

**ABDUL JABBAR S. MOMIN**
ADVOCATE HIGH COURT

Page | 1

To
Division railway manager (DRM)
Central Railway, Mumbai Maharashtra
Office ground floor, DRM office
Annex Bldg

Date:23.08.2022

Sub: *Delay in Installation of Lifts & Escalators at Mumbra Railway Station also Damaging &Wasting of Public Property of Rupees more than Crores.*

1) My Client's Letter Dated 27/07/2018 for Installation of Escalator & Lift for Underprivileged & Vulnerable Person.
2) Your Letter dated 14/08/2018/ that total 4 Nos. Escalator are Planned to be provided at Mumbra Railway Station.
3) My Clients letter dated 18/12/2018 for Installation of Escalators.
4) My Clients letter dated 08/07/2019 Hunger strike for Non-installation Of Escalators Assurance given by you.
5) Your Letter Dated 11/07/2019 for provision of Escalator at Mumbra Railway Station.
6) My client's letter dated 12/01/2021 served upon you for Escalation Service at Mumbra Railway Station
7) Letter dated 25/01/2021. BB/LG/2021/COMP/ELE/G that escalator & elevator will be commissioned by 15/05/2021.
8) My client's letter dated 23/08/2021 to install Escalation service at

Corresponding address: Abdul Jabbar & Co. flat no. 3, ground floor, Laxmi Sawala Building, below I con Hospital,

# मुंबई के 'दही हांडी' कार्यक्रम में गिरने से एक 'गोविंदा' की मौत पर राकांपा नेता गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के विले पार्ले इलाके में पिछले सप्ताह जन्माष्टमी कार्यक्रम में हुई एक 'गोविंदा' की मौत के सिलसिले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रियाज शेख को गिरफ्तार किया गया है। विले पार्ले थाने के एक अधिकारी ने बताया कि राकांपा के जिला अध्यक्ष रियाज शेख को मंगलवार को पकड़ा गया। उन्होंने कहा, 19 अगस्त को एक कार्यक्रम में 'दही हांडी' फोड़ने के लिए बनाये गये मानव पिरामिड का प्रतिभागी संदेश दल्वी (22) गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सोमवार रात को एक अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि इस घटना के संबंध में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 304 ए (लापरवाही से किसी को मौत के मुंह में धकेलना) और 338 (किसी की जान जोखिम में डालकर उसे गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया और शेख को पकड़ा गया।



# महाराष्ट्र के रत्नागिरि में दो बसें टकरायी, 16 यात्री मामूली रूप से घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में बृहस्पतिवार को सुबह राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसों के बीच टक्कर हो जाने से 16 यात्री घायल हो गये। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यहां से करीब 330 किलोमीटर दूर दापोली में सुबह साढ़े सात बजे यह दुर्घटना घटी। उनके अनुसार सभी 16 यात्रों को उनकी मामूली चोटों का इलाज करने के बाद एक सरकारी अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर्यटकों के लिए बंद**

मुंबई से 300 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रायगढ़ जिले के हरिहरेश्वर समुद्री किनारे पर आज से छह दिनों पहले माय लेडी हान नाम की एक संदिग्ध नाव मिली थी। इस बोट की तलाशी ली गई तो इसमें तीन एके-47 राइफल और कई कारतूस बरामद पाए गए थे। इसके बाद अब मुंबई के सबसे मशहूर टूरिस्ट प्लेसेस में से एक गेटवे ऑफ इंडिया को बंद करने का फैसला किया गया है। यहां से बोट पर जाने के लिए जिनके पास टिकट या पास है, सिर्फ उन्हीं को जाने दिया जा रहा है। यह स्थान 26/11 के आतंकी हमले का गवाह रहा है। हरिहरेश्वर के समुद्री किनारे पर मिली संदिग्ध बोट के मामले में महाराष्ट्र एटीएस ने आर्म्स एक्ट के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महाराष्ट्र एटीएस इस मामले में बोट से संबंधित कंपनी से बातचीत कर सच्चाई जानने की कोशिश कर रही है। एटीएस ने अब तक ना तो किसी आतंकी वारदात होने की आशंकाओं को स्वीकार किया है और ना ही इनकार। इसलिए सावधानियों के तहत गेटवे ऑफ इंडिया को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है।

**औरंगाबाद का संभाजीनगर, उस्मानाबाद का धाराशीव होगा नाम**


बता दें कि बुधवार को मुंबई में षण्मुखानंद हॉल में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने कहा था कि जिस तरह से मजदूरों को कॉन्ट्रैक्ट में लिया जाता है, उसी तरह सीएम एकनाथ शिंदे भी कॉन्ट्रैक्ट में लिए गए मुख्यमंत्री हैं। उन्हें ही नहीं पता कि वे कब तक मुख्यमंत्री रहेंगे। विधानसभा में सीएम शिंदे इसी ताने का जवाब दे रहे थे। सीएम शिंदे ने यह भी कहा कि, बोलने वाले तो यह भी बोल रहे थे कि अगले 25 सालों तक महा विकास आघाड़ी की सरकार चलेगी। मैं इतनी बड़ी बात नहीं कहूंगा। इतना जरूर कहूंगा कि अगले ढाई सालों तक हम महाराष्ट्र के विकास के लिए इतना काम करेंगे कि अगले पांच सालों के लिए भी हमारी सरकार बनेगी। सीएम शिंदे ने इसी के साथ बुधवार को जयंत पाटील द्वारा दिए गए ताने का भी जवाब दिया। जयंत पाटील ने कहा था कि उन्हें बीजेपी से इस बात की नाराजगी है कि देवेंद्र फडणवीस जैसे नेता जिन्हें हम कल के संभावित पीएम के तौर पर देख रहे थे, उन्हें बीजेपी ने एकदम से सीएम इन वेटिंग बना दिया। जयंत पाटील ने सीएम शिंदे पर भी ताने देते हुए कहा था, सीएम ही बनना था तो महाविकास आघाड़ी भी आपको सीएम बना सकती थी। यह टूट-फूट करने की जरूरत क्या थी। बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष ने तो कहा है कि छाती पर पत्थर रख कर एकनाथ शिंदे को सीएम बनाया है। हम बिना छाती पर पत्थर रखे आपको सीएम बनाते।

**बीजेपी राष्ट्रीय पार्टी है या चोर बाजार?**

यह तनाव को और ज्यादा बढ़ा सकता है। उद्धव ठाकरे ने कहा है कि राष्ट्रीय पार्टी कहलाने वाली बीजेपी दूसरी पार्टियों के सांसदों, विधायकों और नेताओं को चुराने का एकसूत्री कार्यक्रम चला रही है। यह राष्ट्रीय पार्टी है या चोर बाजार? बुधवार को मुंबई के षण्मुखानंद हॉल में 'मुंबई इलेक्ट्रिक वर्कर्स यूनियन' के स्वर्ण महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम में शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया था। यहां अपने संबोधन में उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे गुट के नेताओं और बीजेपी पर जोरदार हमले किए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि इनका कोई आचार-विचार नहीं है। इन्हें बस सत्ता चाहिए। अब ये मुंबई महानगरपालिका की सत्ता पाने के लिए लार टपका रहे हैं। लेकिन मराठी माणूस उनकी यह मंशा कभी पूरी नहीं होने देंगे। बीजेपी का लगातार आरोप रहा है कि कोरोना काल में ढाई साल तक मुख्यमंत्री घर में ही बैठे रहे। अपने आप में मग्न थे।

**सोनाली फोगाट की मौत में हत्या का केस दर्ज**

सोनाली का पोस्टमॉर्टम दोपहर पौने 12 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सोनाली के शरीर पर कई 'ब्लंट कट' होने का जिक्र किया गया है। आसान भाषा में इसे 'गुम चोट' कह सकते हैं। मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार, ये चोट किसी लाठी-डंडे से मारी गई या घूंसों से यह पता करना बेहद मुश्किल होता है। सोनाली के शरीर पर ये चोट मारने वाला कोई एक्सपर्ट रहा होगा। इससे पहले गुरुवार सुबह सोनाली के परिवार ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने पर सहमति दी। 3 डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया जिसकी पूरी वीडियोग्राफी की गई। इस दौरान सोनाली का भाई रिंकू ढाका और जीजा अमन पूनिया अस्पताल में ही मौजूद रहे। पोस्टमॉर्टम पूरा होने के बाद सोनाली की बॉडी उसके भाई और जीजा को हैंडओवर कर दी गई। दोनों बॉडी लेकर एयरपोर्ट पहुंच गए। वह रात में ही सोनाली की बॉडी लेकर हिसार लौटेंगे जहां शुक्रवार को उसका संस्कार किया जाएगा।



◆ मोहम्मद अरशद अंसारी का जन्मदिन आमदार निवास पर मनाया गया, वहां पर उपस्थित लोगों ने मोहम्मद अरशद अंसारी को पुष्पगुच्छ व शॉल देकर उनकी लंबी उम्र और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मोहम्मद अरशद अंसारी ने नागपुर ईस्ट विभायक कृष्णा खोपड़े, नागपुर सेंट्रल विधायक विकास कुंभारे और शानुभाई सिद्दीकी का आभार प्रकट करते हुये उनका शुक्रिया अदा किया।

## लगातार बढ़ रहे रेपो रेट से एम.एस.एम. आई. को पड़ रही महंगी ब्याज दर की मार

**मुंबई।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महानगर मुंबई प्रांत के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने मई 2022 को 0.4 प्रतिशत 8 जून 2022 को 0.5 प्रतिशत एवं 5 अगस्त 2022 को 0.5 प्रतिशत रेपो रेट बढ़ाया। कुल मिलाकर पिछले चार महीनों में 1.40 प्रतिशत रेपो रेट बढ़ाने से माइक्रो स्मॉल एंड मीडीयम एंटप्रयज की ब्याज दर महंगी हो गई है जिसका सीधा असर लागत पर पड़ रहा है। सरकार का तर्क है कि बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए रेपो रेट में वृद्धि की गई है परन्तु अर्थव्यवस्था पर इसका विपरीत प्रभाव देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में स्टैगइन्फ्लेशन की स्थिति उत्पन्न हो रही है जिस कारण बढ़ती महंगाई के साथ साथ बेरोजगारी एवं खपत में कमी आ रही है। सरकार को तुरंत संज्ञान लेते हुए एम. एस. एम. ई. के लिए विशेष राहत ब्याज दरों में दी जानी चाहिए ताकि देश में औद्योगिक गतिविधियों की रफ़्तार में तेजी आ सके। गौरतलब है कि एम. एस. एम. ई. को प्रस्तावित 2 प्रतिशत इंट्रेस्ट सब्वेशंज की स्कीम दुबारा लागू की जानी चाहिए जो देश की उन्नति के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।

## छतरपुर के एक गांव में हैंडपंप से उठ रही लपटें, आग-पानी एक साथ आ रहा बाहर

**छतरपुर।** नोखा मामला सामने आया है। छतरपुर जिले के एक गांव में लगे हैंडपंप से आग की लपटें उठ रही हैं। इस घटना से लोग अचरज में भी हैं, और दहशत में भी। हालांकि जानकार का कहना है कि मीथेन गैस निकलने से ऐसा हो रहा है। इसके वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार मामला छतरपुर जिले के बकस्वाहा नगर के कछार गांव का है। लोगों ने बताया कि गांव में दो हैंडपंप हैं। बुधवार सुबह स्कूल के पास वाल एक हैंडपंप खुद-बखुद आग और पानी दोनों एकसाथ उगल रहा है। लोगों को इस बात का पता चलते ही लोग इसे देखने पहुंचने लगे। बाद में इसकी सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। एक प्रत्यक्षदर्शी देवेंद्रसिंह लोधी का कहना है कि यह हैंडपंप पहले भी आग उगल चुका है। पहले यह स्कूल के पास का सरकारी हैंडपंप था जिसमें की आग और पानी निकलने के बाद से प्रशासन ने उसका ऊपरी हिस्सा हैंडल और अंदर का पम्प और पाइप निकाल लिया और उसे इसी तरह छोड़ दिया। बुधवार को भी इसी तरह की घटना हुई। कोई इसे चमत्कार मान रहे हैं तो कुछ लोग डरे हुए हैं। उनका कहना है कि जमीन में कोई बड़ी हलचल के परिणाम स्वरूप ऐसा हो रहा है। शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल के प्रो. डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुछ हैंडपंप से पानी के साथ ज्वलनशील गैस का निकलना कोई चमत्कारी घटना नहीं है। यह सामान्यतः हाइड्रोकार्बन (मीथेन) गैस होती है। जहां अवसादी चट्टानों में पेड़-पौधों के अवशेष अवसाद (बारीक रेत) के साथ दलदली क्षेत्र में जमा होते हैं वहां भौतिक-रासायनिक प्रक्रम द्वारा द्वारा विघटन-अपघटन द्वारा मीथेन गैस का निर्माण होता है। यह गैस गर्म होने से या जलने से घनत्व में कम होती है, परिणामस्वरूप ऊपर को उठती है और वैक्यूम निर्मित होता है जिससे इस गैस के नीचे स्थित भौमजल भी ऊपर की ओर उठता है। यह क्रम एकान्तरित रूप से चलता है।



## कालियास सरकारी विधालय में विद्यार्थी कूड़ा कचरा उठाने को मजबूर, तो क्या यही हैं सुनहरे भविष्य की तस्वीर?

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले की आसींद तहसील के कालियास कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हर रोज विद्यार्थियों को कूड़ा कचरा उठाते हुए देखा जा सकता हैं। विद्यार्थी भी अध्यापकों की मार के आगे कूड़ा कचरा उठाने को मजबूर हैं। जिसके चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही हैं। विद्यार्थी भी कूड़ा कचरा उठाने के डर से विधालय आने में भी कतराने लगे हैं। ऐसा नहीं कि यह एक दिन का काम है, बल्कि विद्यार्थियों को हर रोज कूड़ा कचरा उठाने को मजबूर होना पड़ रहा हैं, जबकि सरकारी नियमानुसार विधालय में साफ सफाई का काम चपरासी द्वारा किया जाता हैं। विद्यार्थियों की दयनीय हालत को देखकर लगता है उन्हें पढ़ने में कम बल्कि विधालय की साफ-सफाई में ज्यादा रुचि दिखानी होगी। जब राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो आश्चर्यजनक रूप से कई छोटे छोटे विद्यार्थियो को कूड़ा गाड़ी में कूड़ा कचरा विधालय से बाहर डालते हुए देखा गया है। जब कूड़ा कचरा डालने वाले विद्यार्थियों से इस बारे में पूछा गया तो वो ऐसा नहीं करने पर अध्यापकों द्वारा पीटने के बारे में बताया गया। तो क्या विद्यार्थियों को पढ़ाई की जगह विधालय में मुख्य रूप से साफ सफाई करना सिखाया जाता है? तो क्या विद्यार्थियों का ऐसे ही भविष्य बनेगा? या फिर विद्यार्थियों को ऐसे ही हर रोज कूड़ा कचरा उठाने को मजबूर होना पड़ेगा? यह समझ से परे हैं। आखिर कब तक ऐसा चलता रहेगा? क्या जिला शिक्षा अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे?



## समानता, स्वतंत्रता, भाईचारा न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हो समाज: मदन सालवी




**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** मैगजीन पैगाम से संबंधित मीटिंग सेमिनार आज राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन कार्यालय पर जालंधर पंजाब से कमल देव, नई दिल्ली से डॉक्टर एस पी तथा नई दिल्ली से ही एस पी कटारिया व रेलवे से अधिकारी रहे देवीलाल बलाई तथा रेल्वे से एस आर गढ़वाल के मुख्य आतिथ्य में जिले के मुख्य गणमान्य जन की उपस्थिति में सेमिनार आयोजित हूआ। सालवी समाज अध्यक्ष श्याम सालवी, देवेंद्र दयाल, स्वतंत्र लेखक मदन सालवी ओजस्वी, अध्यापक प्रेम सालवी, सीता सालवी, अंबेडकर विचार मंच के संस्थापक सॅरक्षक छगन लाल चावला, सालवी संतोष तथा। नाथूराम आमेरिया, हेमराज सोलिया, राजेंद्र कुमार मीरवाल, पीयूस सालवी, देव कृष्ण सालवी, पुर्व बैंक अधिकारी मेवा लाल बलाई, रमेश मरमट आदि अन्य कई गणमान्य जन की उपस्थिति में मासिक मैग्जीन पत्रिका का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान के साथ ही सभी अतिथियों का परिचय के साथ ही सभी ने सामाजिक जागरूकता चेतना शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागृति पर अपने विचार रखे। देश में बढ़ती घटनाओं तथा सामाजिक असमानता पर चिंतन व निराकरण के साथ ही समाज में अंधविश्वास आडंबर रूढ़िवाद समाप्त हो। विषय पर विचार विमर्श किया गया। महात्मा ज्योतिबा फुले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की विचारधारा पर पालन एवं अनुसरण करने से ही समाज प्रगति कर सकता है, विचार रखे गए। शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा शिक्षा शिक्षित होने के अर्थ डिग्री लेने से ही सीमित नहीं है जागरूक होना भी प्रमुख है। पर बल दिया गया। सामाजिक बदलाव के प्रहरी, भारतीय मिशन मीडिया संरक्षक स्वतंत्र लेखक मदन सालवी ओजस्वी ने कार्यशाला पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस तरह के आयोजनों की अधिक आवश्यकता पर बल दिया। रेल्वे से अधिकारी रहे देवीलाल बलाई ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मैं पुलिस वाला हूं सारे नियम कायदे कानून अपनी जेब में रखता हूं, किसी की मजाल जो मेरा कुछ बिगाड़ सके

### कालियास कस्बे में पूरी रात खुली रहती हैं शराब की दुकान, सरकारी नियमों की सरेआम उड़ रही हैं धज्जियां

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले की आसींद तहसील के कालियास कस्बे में सरकारी शराब की दुकान पूरी रात खुली रहती हैं। जिसके चलते कस्बेवासी शराबियों के आतंक से परेशान हैं। कस्बे में पहले भी कई लोगों के यहां चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। इस शराब की दुकान के खुलने और बंद होने का कोई समय निश्चित और निर्धारित नहीं है और जब ठेकेदार ही पुलिस वाला हो तो सारे नियम कायदे कानून धराशाई हो जाते हैं। यही नहीं ठेकेदार पुलिस वाला होकर संबंधित रायला पुलिस थाने में कार्यरत होने से पुलिस थाने के आलाधिकारी भी कार्रवाई करने से कतराते हैं। यही नहीं आबकारी विभाग व ठेकेदार तथा पुलिस की आपसी सांठगांठ होने से कस्बे में शराब की दुकान पूरी रात खुली रहती है। जिसके चलते ठेकेदार को ना तो किसी कानून का डर है और ना सरकारी नियमों की परवाह। जबकि सरकारी नियमानुसार राज्य में कहीं पर भी शराब की दुकान के खुलने का समय सुबह 10 बजे और बंद होने का समय रात्रि आठ बजे निर्धारित है। मगर इन नियमों की कोई भी अनुपालना नहीं हो रही हैं। तो क्या ठेकेदार पुलिस वाला होने की वजह से उसके लिए कोई नियम लागू नहीं होते हैं या फिर पुलिस थाना या आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं? आबकारी विभाग अवैध शराबियों को तो पकड़ता है मगर नियम विरुद्ध चलने वाली शराब की दुकानों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं करता हैं? संबंधित पुलिस थाना आबकारी विभाग की कार्रवाई होने की कह कर अपना पल्ला झाड़ सकता हैं। तो क्या आबकारी विभाग या इस नियम विरुद्ध चलने वाली दुकान या ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगा या फिर कस्बेवासियों को ऐसे ही शराबियों के आतंक का सामना करना पड़ेगा।



## दौलतपुरा में राज्य पुरस्कृत शिक्षक कुमावत ने चारागाह भूमि पर 105 बरगद और पीपल के पौधे लगाए

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राज्य पुरस्कृत शिक्षक परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने चारागाह विकास रघुराजपुरा पंचायत दौलतपुरा को गोद लेते हुए 105 बरगद और पीपल के पौधे लगाकर बरगद पीपल अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा कि वृक्ष है तो ही मनुष्य का अस्तित्व है अन्यथा मनुष्य के अस्तित्व की कल्पना नहीं कर सकते। कुमावत द्वारा किए गए इस अभिनव प्रयोग से पूरा शिक्षक समाज गौरवान्वित है। वाटर शेड इंजीनियर अंकुश सेन ने चारागाह विकास की योजना की जानकारी देते हुए वृक्षारोपण अभियान में सभी को जुड़ने का आग्रह किया। पर्यावरण प्रेमी प्रहलाद सनाढ्य ने एक व्यक्ति पांच वृक्ष लगाने का आह्वान किया। पुरस्कृत शिक्षक कुमावत ने कहा कि अनादि काल से ही हमारी संस्कृति प्रकृति पूजक रही है। प्राचीन काल से ही बरगद और पीपल का आध्यात्मिक महत्व तो रहा ही है साथ ही पीपल ऑक्सीजन का अथाह भंडार समेटे हुए हैं। बरगद पर हजारों पक्षी आश्रय ग्रहण करते हैं। आने वाले समय में ऑक्सीजन की कमी न रहे इस हेतू 100 बीघा चरागाह में बरगद और पीपल लगाए जायेंगे। इस अभियान में पूर्व उपनिदेशक तेजपाल उपाध्याय, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शिव प्रकाश सोमानी, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु दत्त शर्मा, जय देव जोशी, बाल कृष्ण सोमानी, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारका प्रसाद जोशी, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बोरडा बावरिया सत्यनारायण कुमावत, दौलतपुरा पीईईओ प्रीति कुमावत, सरपंच ओम प्रकाश वैष्णव, कुंड गेट प्रधानाध्यापक देवी लाल बेरवा, ओमप्रकाश कुमावत, सुरेंद्र शर्मा, शैतान सेन, भगवान लाल गोस्वामी, रमेश कुमावत, धनराज गुर्जर, ग्रामवासी ओम प्रकाश माली, किशन सेन, भंवर माली, किशन माली, रामप्रसाद माली, नारायण गाडरी, सत्यनारायण माली उपस्थित थे।




## अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी बंजारा का शाहपुरा पहुंचने पर भव्य स्वागत होगा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा के पहले अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सूर्यप्रकाश बंजारा (सूरज) का कल शाहपुरा आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। भारतीय वॉलीबॉल संघ के सचिव अनिल चौधरी ने बताया की थाईलैंड में आयोजित हुई 14वीं एशियन वॉलीबॉल चैंपियनशिप खेल कर लौट रहे सूरज बंजारा का कल समस्त शाहपुरा वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। यंग स्पोर्ट्स क्लब के सचिव राजेंद्र सिंह धाभाई ने बताया की शाम 4 बजे महलों के चौक में एक सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। इस से पहले त्रिमूर्ति चौराहे पर दोपहर 3 बजे एक जुलूस का आयोजन रखा गया हैं। जिसमे सभी शहरवासी और खेल प्रेमी शामिल होंगे। क्लब के अध्यक्ष रामप्रसाद कुम्हार ने बताया कि विगत कई वर्षों से क्लब ने खेल प्रतिभाओं को तराशा हैं। जिन्होंने ना केवल शाहपुरा का वरन भीलवाड़ा और राजस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया हैं। खिलाड़ियों के खेल कौशल को विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी करीब 100 लड़के लड़कियां विद्यालयी और महाविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में अपना खेल कौशल दिखाने के लिए तैयार हैं। क्लब के कोषाध्यक्ष श्री विनय डांगी ने बताया की सूरज की सफलता का श्रेय उसकी कठिन मेहनत और लगन को दिया जाना चाहिए और साथ ही क्लब परिवार भारतीय वॉलीबॉल संघ के सीईओ रामावतार जाखड़ और सचिव अनिल चौधरी का बहुत आभारी हैं। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार मोनू छीपा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।






• दैनिक मुंबई हलचल

जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

## प्रेरणा हिंदी सभा में नियुक्तियों का दौर जारी: संगम त्रिपाठी

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** सारे देश में हिंदी का अलख जगाने वाले हिंदी प्रेमियों का प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा में शामिल होने का दौर जारी है। प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों के मेहनत का नतीजा है कि आज हिंदी पर सर्वत्र चर्चा हो रही हैं व विश्व पटल पर भी हिंदी अपनी चमक बिखेर रही हैं। प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि प्रेरणा स्त्रोत श्री धर्म प्रकाश वाजपेयी जी, सुव्रत दे जी, गोपाल जाटव विद्रोही, पप्पू सोनी, डॉ सत्यनारायण तिवारी की अनुशंसा पर डॉ लाल सिंह किरार, जयदीप खरे जी की सहमति से संरक्षक मंडल में डॉ आदेश कुमार गुप्ता सोनभद्र उत्तर प्रदेश, आशुकवि दादा भैरु सुनार मनासा मध्यप्रदेश। सलाहकार मंडल में रजनी कटारे जबलपुर मध्यप्रदेश, अर्चना मिश्रा दिल्ली, डॉ ओमप्रकाश चौधरी वाराणसी उत्तर प्रदेश, डॉ आलोक प्रेमी भागलपुर बिहार, विनोद कुमार दुबे मुंबई, कृष्ण कुमार सिंह अमेठी उत्तर प्रदेश। राष्ट्रीय संयोजक-देवेन्द्र कुमार तिवारी जबलपुर मध्यप्रदेश, आकांक्षा रुपा चचरा कटक उड़ीसा, कवि दुर्गेश प्रताप सागर अयोध्या उत्तर प्रदेश। प्रांतीय संयोजक ऋतु गर्ग सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल व श्रीमती दीप ज्योति गुप्ता ग्वालियर मध्यप्रदेश। क्षेत्रीय संयोजक - खगेश के शाह बड़ोदरा गुजरात, अभिनव सिंह बघेल रीवा मध्य प्रदेश, सुरेन्द्र कुमार सिंह चांस राजापुर मऊ उत्तर प्रदेश, अंजली तिवारी मिश्रा जगदलपुर छत्तीसगढ़। मीडिया प्रभारी रौदास सिंह अलीगढ़ उत्तर प्रदेश। कार्यकारी अध्यक्ष - श्रीमती शीतल शैलेन्द्र देवयानी इंदौर मध्यप्रदेश, राजकुमारी राज जबलपुर मध्यप्रदेश, अशोक जाटव राही भोपाल मध्य प्रदेश, श्री प्रभात राजपूत 'राज गोंडवी' गोंडा उत्तर प्रदेश। कार्यकारिणी सदस्य में गोपाल पांडेय आजाद औरैया उत्तर प्रदेश, श्री मनोहर चौबे आकाश जबलपुर मध्यप्रदेश, कवयित्री आशा झा सखी जबलपुर मध्यप्रदेश, श्री ओमप्रकाश लववंशी 'संगम' कोटा राजस्थान, राजेन्द्र श्रीवास्तव ग्वालियर मध्यप्रदेश, ललिता शर्मा 'नयास्था' भीलवाड़ा राजस्थान व अशोक कुमार यादव कवि मुंगेली छत्तीसगढ़ से शामिल हुए हैं। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी चर्चित कवि गुरुदीन वर्मा आजाद ने कहा कि आज दिनांक 24 अगस्त 2022 को जारी नियुक्ति सूची में ही देश के विभिन्न प्रांतों से कवि, कवयित्री साहित्यकार समाजसेवी पत्रकार शिक्षाविद लेखक जुड़े हैं वह हिंदी सभा के कार्यों को स्वतः मूल्यांकित करती है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को क्रमशः प्रदीप मिश्रा अजनबी, जि विजय कुमार, डॉ सुषमा वीरेंद्र खरे, नरेन्द्र मिश्र धड़कन, अजय पांडेय, डॉ मंजुला साहू निर्भिक, अनिल शुक्ला, अशोक गोयल, माला श्रीवास्तव, पूजा अग्रवाल, झरना मुखर्जी, डॉ हरेन्द्र हर्ष, डॉ शिव शरण श्रीवास्तव अमल, रामचंद्र प्रसाद कर्ण, इंद्रजीत तिवारी निर्भीक आदि ने बधाई दी है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



संगम त्रिपाठी (संस्थापक, प्रेरणा हिन्दी प्रचार सभा) — गुरुदीन वर्मा (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, प्रेरणा हिन्दी प्रचार सभा)

# जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने की खनन माफिया पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

## मेरी प्राथमिकता जिले में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना: प्रदीप कुमार जिला खनन अधिकारी हरिद्वार



**फहीम अहमद राज हरिद्वार**

**चंपावत** से हस्तांतरण होकर आए जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने खनन माफिया के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया है, खनन अधिकारी ने कार्यभार संभालते ही खनन माफियाओं पर ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू कर दी है जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है, जिला खनन अधिकारी की अवैध खनन माफियाओं पर की गई कार्रवाई में अब तक तीन स्टोन क्रेशर सीज किए गए वही तीन ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध खनन से लदी हुई सीज की गई, जिला खनन अधिकारी ने बताया है की किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो भी अवैध खनन करते हुए पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, मुंबई हलचल से बात करते हुए उन्होंने कहा है कि मेरी प्राथमिकता जनपद हरिद्वार में अवेध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना है, ज्ञात हो कि पिछले महीने कि 23 तारीख को जिला खनन अधिकारी रवि नेगी का चंपावत स्थानांतरण हो गया था उनके स्थान पर चंपावत से प्रदीप कुमार को हरीद्वार का जिला खनन अधिकारी बनाया गया है, मूल रूप से धनोल्टी के रहने वाले प्रदीप कुमार ने जिला खनन अधिकारी का कार्यभार संभालते ही खनन माफियाओं पर नकेल कसनी शुरू करदी है, जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# पुलिस कमिश्नर ने कानपुर के 23 थानों में फेरबदल कर इंस्पेक्टर आशीष को भेजा गोविंद नगर

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले यहां के पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने 23 थाना और अतिरिक्त इंस्पेक्टरों में भारी फेरबदल किया है। इनमें से सीसामऊ, कोतवाली और कोहना के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया है, जबकि 11 इंस्पेक्टरों को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। देर रात जारी की गई तबादला गस्ती में बर्रा, गोविंद नगर, किदवई नगर कोहना ग्वालटोली बादशाही नाका जाजमऊ नजीराबाद आज के भी प्रभारी निरीक्षक हटा दिए गए हैं। इसी क्रम में चुनौतीपूर्ण गोविंद नगर की कमान नवाबगंज के इंस्पेक्टर तेजतर्रार आशीष कुमार द्विवेदी को सौंपी गई है। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड द्वारा जारी इस तबादला गस्ती में क्राइम ब्रांच भेजे गए इंस्पेक्टर रोहित तिवारी के स्थान

## पुलिस कमिश्नर ने 3 को किया लाइन हाजिर ,11 इंस्पेक्टरों को भेजा क्राइम ब्रांच

पर जहां तक इंस्पेक्टर गोविन्द नगर के रुप में आशीष कुमार द्विवेदी की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है, उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड द्वारा पुलिस महकमे में किए गए इस भारी फेरबदल के मद्दे नजर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर आशीष कुमार द्विवेदी के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले सरल और शालीन स्वभाव के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल इंस्पेक्टर आशीष कुमार द्विवेदी ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। यही वजह है कि कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

# मुस्लिम समुदाय को शिक्षा के लिए जागरुक करने की एक अपील

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**गाजियाबाद।** जिस मेहनत से गुजराती और मारवाड़ीयो के बच्चे CA, CMS, BMS, BBA, MBA की तैयारी करते हैं उत्तर भारतीय बच्चे UPSC, RAILWAY की परीक्षाओं की तैयारी करते हैं दक्षिण भारतीय बच्चे Engineering, IIT, Medical की तैयारी करते हैं उससे भी ज्यादा कडी मेहनत से मुसलमान के बच्चे मोहर्रम पर अखाड़ों की, बकरा ईद पर बकरों की, शब ए बरात में बाइक स्टंट की, ईद पर कपड़ो की तैयारी करते हैं। वक़्त रहते अपने नौजवानों को सुधारने की जरूरत है वरना बर्बादी बहुत नजदीक है #एजुकेशन-फॉर-यूथ, मुसलमानों के जाहिल और कमजोर होने की सजा। पहले तालीम से तुम मोड़ दिए जाओगे फिर किसी जुर्म से जोड़ दिए जाओगे हाथ से हाथ की जंजीर बना कर निकलो वरना धागे की तरह तोड़ दिए जाओगे। जब अपने घर से लाश उठाओगे तब ही क्या होश में आओगे? अल्लाह किसी कॉम की हालत को उस वकत तक नहीं बदलता जब तक कि वह कॉम खुद अपनी हालत को न बदले। (अल राद- 11) सिर्फ दुआ के भरोसे मत बैठो दुआ के साथ 'दवा' भी करो वरना अगला नम्बर आप ही का है...तुम्हारा क्या है..? पुलिस, वकील, जज, डॉक्टर, मीडिया समूह? कोई भी नहीं। न्याय प्रक्रिया में तेजी मुसलमानों के वकील और जज बनने से ही आ सकती है। आप लोगों को आतंकवादी बता कर झूटी मुठभेड़ों में मारा जाता है और यह तब ही रुक सकता है जब आप पढ़ लिख कर खुद पुलिस और सेना में जाओ। याद रखो आप लोग सरकार से नहीं लड़ सकते हो लेकिन आप लोग खुद सरकार का हिस्सा बन कर अपनी सारी समस्याओं का समाधान कर सकते हो एजुकेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हर कीमत पर ऊंची से ऊंची तालीम हासिल करो एक बात हमेशा याद रखना चाहिए कि जिन लोगों में अपनी आलोचना को एक चैलेंज के रूप में लेने और खुद को बदलने की सोच और समझ नहीं होती वो कॉम मिट जाती है हम मुसलमान इतनी अरबो रुपए की जकात खैरात हर साल देते हैं की अगर उसका सही इस्तेमाल हो तो हम में से कोई अनपढ़, गरीब, बेरोजगार नही रहे। जितने फालतू रुपए मुस्लिम शादियों में बर्बाद करते हैं उतने रुपए में कई मुसलमान डॉक्टर, वकील, पुलिस, सैनिक जज, मीडिया का हिस्सा का हिस्सा, वगेरह बखूबी बन सकते हैं...जरूरत है तो बस पक्के इरादे की...आज के वक्त में लड़ाइयां लाठी और तलवार या बम से नहीं बल्कि दिमाग से लड़ी जाती हैं और दिमाग से लड़ने के लिए तालीम और तकनीक की जरूरत है, इसलिए आप लोग ऊंची से ऊंची तालीम हर कीमत पर हासिल करो। मेरे ईमान वाले भाईयों वक्त बहुत नाजुक और कम है एफबी पर वक्त बर्बाद करना छोड़िए, और अपने ईमान वाले भाईयों के लिए अपनी ताकत झोंक दो, और अपने मुसलमान भाईयों की शिक्षा, सुरक्षा रोजगार और न्याय के लिए दिल से मेहनत करो। उठाओ 21 वीं सदी का हथियार। कलम और न्याय व्यवस्था का हिस्सा। यह ऐसा हथियार है इस के आगे दुनिया की हर ताकत झुकती है इरादा करो शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।



**कारी मोहम्मद साजिद ढ़बारसी**

# निर्माता शमीम अख़्तर व निर्देशक संजीव त्रिगुणायत की 2 हिंदी फिल्मों का पीवीआर में हुआ भव्य मुहूर्त




**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**लखनऊ।** निर्माता शमीम अख़्तर और लेखक निर्देशक संजीव त्रिगुणायत की दो अन्टाइटल्ड हिंदी फिल्मों का भव्य मुहूर्त मुम्बई के पीवीआर सिनेमा में किया गया। इसके चीफ गेस्ट विशेष ज्योतिषाचार्य राम सियासन शास्त्री और धर्मेश कुमार तिवारी (चेयरमैन यूपी सिविल सेक्रेट्रिएट) थे। रौशनी मूवीज के बैनर तले बन रही इन दोनों फिल्मों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में विशेष अतिथि के रूप में अजय मिश्रा (उन्नाव), राजकुमार सिंह (लखनऊ) और ओमपाल सिंह यादव (दिल्ली) भी उपस्थित थे। यहां मीडिया की भी भारी संख्या मौजूद थी। सभी मेहमानों ने प्रोड्यूसर शमीम अख्तर और लेखक निर्देशक संजीव त्रिगुणायत को दोनों फिल्मों के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। फिल्म के हीरो अमाद मंटो और हीरोइन चेल्सी नेगी और कोमल सोनी इत्यादि हैं। इसमे रमेश गोयल, शिवा, योगिराज, फिरोज पठान, सना खान, राजकुमार कनौजिया, जावेद हैदर, पृथ्वी, जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे। इस अवसर पर कॉमेडियन सुनील पाल, के के गोस्वामी भी उपस्थित रहे। फिल्म में के के गोस्वामी, रवि शंकर पांडेय (वाराणसी), अमित कौशिक (दिल्ली), जितेंद्र वाराणसी, संतोष पाल, विद्या शंकर, सनी चाल्सर, बलदेव पुरानी, दक्षा , सोनू कुंतल, इत्यादि भी उपस्थित थे। फिल्म के निर्देशक ने बताया कि पहले रोमांटिक फिल्म शुरू करेंगे, उसके बाद दूसरी फिल्म की शूटिंग होगी। इन दोनों फिल्मों के मुहूर्त के चीफ गेस्ट विशेष ज्योतिषाचार्य राम सियासन शास्त्री ने फिल्म के निमार्ता शमीम अख्तर और उनकी पूरी टीम को आशीर्वाद दिया और कहा कि वे एक अच्छी नियत के साथ फिल्म बना रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि अच्छा सिनेमा बनेगा जो दर्शकों द्वारा सराहा जाएगा। वहीं फिल्म के हीरो अमाद मंटो ने डायरेक्टर संजीव जी और निर्माता शमीम अख्तर का शुक्रिया अदा किया कि इतनी प्यारी फिल्म के लिए उनका सेलेक्शन किया गया। फिल्म के कास्टिंग का जिमेदारी रणवीर वाधवानी को दिया गया है। जबकि प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी अखिलेश सिंह पब्लिश मीडिया टीम को दिया गया है।



# बालों की डलनेस हो या डैंड्रफ, होममेड हेयर स्पा से हर प्रॉब्लम होगी दूर

**हर लड़की चाहती है कि उसके बाल लंबे, मजबूत और शाइनी हो। मगर पॉल्यूशन और गंदगी कि वजह से बाल खराब हो जाते है, जिसके लिए लड़कियां हेयर स्पा ट्रीटमेंट लेती हैं। यह बालों को सिल्की और सॉफ्ट तो बनाता है लेकिन इसके केमिकल युक्त प्रॉड्क्ट्स नुकसान पहुंचा कर बालों को रूखा कर देते हैं। ऐसे में आप घर पर ही आसानी से स्पा कर सकती हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि आपके बालों के लिए कौन-सा हेयर ट्रीटमेंट सही है और इसे कैसे किया जाए। इससे बाल चमकदार और मुलायम होने के साथ-साथ स्मूथ भी हो जाएंगे।**

**ड्राई बालों के लिए ऑलिव ऑयल स्पा**
रूखे बालों के लिए पहले जैतून के तेल से मसाज करें। फिर इसमें अंडा मिलाकर स्टेप अनुसार हेयर मास्क लगाएं। फिर सल्फेट मुक्त शैंपू से बालों को अच्छी तरह धो लें।

**रूखे बालों के लिए एलोवेरा स्पा**
रीठा, आंवला, शिकाकाई और मेथी के दानों को रात भर एक चौथाई पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को तब तक उबालें जब तक यह आधा न रह जाए। अब इसमें एलोवेरा जेल और एग व्हाइट मिलाएं। बालों की जड़ों पर यह मास्क लगाएं और कुछ समय बाद सिर धो लें।

**मजबूत बालों के लिए फ्रूट स्पा**
पके हुए केले, एवोकाडो पल्प, शहद, पुदीने की पत्तियां नीम पेस्ट या प्याज का रस को मिलाकर स्मूथ पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अच्छी तरह स्कैलप पर लगाएं और 45 मिनट बाद सिर धो लें। यह न सिर्फ बालों झड़ने से रोकता है बल्कि इससे हेयर ग्रोथ भी तेजी से होती है।

**हेयर स्पा के आसान स्टेप**

**स्टेप- 1 (Massage)**
सबसे पहले जैतून या नारियल तेल से स्कैल्प की मसाज करें। मसाज उंगलियों के पोरों से सर्कुलर मोशन में करें। तकरीबन 10-15 मिनट के बाद सिर को रिलैक्स करने के लिए छोड़ दें।

**स्टेप- 2 (Steaming)**
स्टिमिंग के लिए थोड़ा-सा पानी गर्म करके उसमें टॉवेल भिगाकर निचोड़ लें। अब इस टॉवेल को तेल लगे बालों पर अच्छी तरह लपेट लें। इस क्रिया को भी 10 से 15 मिनट करें।

**स्टेप- 3 (Washing)**
तीसरा स्टेप है बालों को धोना। किसी भी माइल्ड शैम्पू से बालों को अच्छी तरह वॉश करें।

**स्टेप- 4 (Conditioning)**
शैम्पू करने के बाद बालों को अच्छी तरह कंडीशन करें। यदि होममेड कंडीशन है तो ज्यादा देर लगाएं। अगर आप मार्किट का कंडीशनर यूज कर रही हैं तो 3 मिनट बाद बालों को धो लें।

**स्टेप- 5 (Hair Mask)**
बालों के हिसाब से हेयर मास्क अप्लाई करें। आधे घंटे बाद माइल्ड शैम्पू से सिर को धो लें। इसके बाद जब बाल सूख जाएं तब हल्के हाथों से कंघी करें।

**हेयर स्पा से मिलने वाले लाभ**
➤बालों में चमक लाने के लिए किया जाता है हेयर स्पा।
➤डेंड्रफ की समस्या भी होती है खत्म।
➤झड़ते और टूटते बालों के लिए है अच्छा उपाय।
➤हेयर स्पा द्वारा बालों को मिलता है पोषण।
➤दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने के लिए भी करते है हेयर स्पा।

# बिना मेकअप के भी चमकेगा चेहरा, बड़े काम के हैं ये ब्यूटी टिप्स




पढ़ाई से लेकर कैरियर की बुलंदियां छूने तक, तो कभी रोजमर्रा के काम निपटाने के लिए घर से बाहर धूप में तो निकलना ही पड़ेगा। ऐसे में अच्छा-भला गोरा रंग जब काला पड़ने लगे तो किसी भी महिला में चिंता की लकीरें गहरी करने लगता है और वह उससे निजात पाने के लिए अक्सर फेयरनेस क्रीम का सहारा लेने लगती हैं ताकि किसी प्रकार से उनकी गोरी रंगत वापस लौट आए। अपनी रंगत को बरकरार रखने के लिए कुछ सावधानियां और घरेलू फेस पैक का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है, तभी आप अपने गोरे रंग को काला होने से रोक पाएंगी।

1. धूप में निकलने से पहले रोजाना अच्छी क्वॉलिटी की सनस्क्रीन क्रीम लगाना न भूलें। यह कम से कम 30 एस.पी.एफ का होना चाहिए।
2. 20 से 30 मिनट तक सनस्क्रीन लगाने के बाद ही धूप में निकलें। यदि आपका फील्ड वर्क है तो हर दो घंटे में या फिर पानी से चेहरा धोने के तुरंत बाद सनस्क्रीन चेहरे पर लगाएं। इससे राहत मिलेगी।
3. त्वचा को ढंक कर रखें। कॉटन के कपड़ों के अलावा कैप और स्कॉर्फ भी इस्तेमाल करें।
4. आंखों को अल्ट्रा वॉयलैट किरणों से बचाने के लिए सनग्लासेज इस्तेमाल करें।
5. सुबह चेहरा धोने के बाद एंटीऑक्सीडेंट्स क्रीम या जैल लगाएं। इससे त्वचा को जल्दी-जल्दी होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।
6. रात को ऐसी क्रीम या जैल लगाएं जिसमें पेप्टाइड, अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड या रेटीनॉल हो। इससे त्वचा की बेकार हो चुकी ऊपरी परत आसानी से उतर जाती है।
7. सप्ताह में एक बार खुद ही त्वचा की बेकार हो चुकी ऊपरी परत को हटाना चाहिए। इसके लिए त्वचा को नुकसान न पहुंचाने वाले किसी कैमिकल्स या फ्रूट एंजाइम का प्रयोग कर सकती है।

घरेलू नुस्खे भी आजमाते रहें

1. दही में जौ का आटा मिलाकर इसे त्वचा के प्रभावित हिस्से पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद इसे ठंडे पानी से धो दें। इस मिश्रण को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए इसमें टमाटर का रस भी मिलाया जा सकता है।
2. आलू ब्लीचिंग के लिए अच्छा है। एक आलू को टुकड़ों में काटकर त्वचा के प्रभावित हिस्से पर 20-30 मिनट तक लगाए रखें।
3. स्किन का रंग सही करने में पुदीना चमत्कार करता है। ताजे पुदीने की पत्तियों के रस को 15-20 मिनट तक त्वचा पर लगा कर धो दें।
4. पांच बादामों को एक चम्मच ताजी क्रीम में मिलाकर इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदे डाल दें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट तक लगाएं, फिर चेहरा धो लें।
5. इसके अलावा एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर चीजें ज्यादा खाएं। इनमें बेर, अनार, पपीता, तरबूज, टमाटर, नींबू, संतरा, सोयाबीन एवं मेवे आदि शामिल हैं। ये त्वचा को अल्ट्रा वायलैट किरणों से बचाते हैं।

# फ्रोजन व डिब्बाबंद खाने से कैसे पाएं भरपूर पोषण?



मॉडर्न समय में लोगों का लाइफस्टाइल काफी बदल चुका है। आज हर चीज पैक्ड फूड्स में बदलती जा रही है। लोग डिब्बा बंद खाने की तरफ ज्यादा रूख कर रहे है। इतना ही नहीं फल और सब्ज़ियां भी डिब्बो में पैक होकर आने लगे है लेकिन इन्हें खरीदते समय काफी बातों का ध्यान रखना पड़ता है, ताकि इनसे भरपूर पोषण मिल सकें। हाल ही में अमेरिका स्थित अकेडमी फॉर न्यूट्रीशिन एंड डायटेटिक्स की रिसर्च में सामने आया कि फल और सब्जियां ताजी हों या फ्रोजन और डिब्बाबंद, हर हाल में सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। बस इनको खरीदते वक्त आपको कुछ बातों को लेकर सावधानी बरतनी होगी।

**डिब्बाबंद फल और सब्जियों का जूस**- डिब्बाबंद फलों और सब्जियों से बने जूस खरीदते समय पैकेट पर कुछ जरूरी दिशा-निर्देशों को जरूर पढ़ें। अगर डिब्बाबंद जूस पर 'पैक्ड इन इट्स ओन जूस', 'ताजा जूस' और 'नो एडेड' शुगर लिखाहो तभी उनकी खरीददारी करें।

**डिब्बाबंद फल और सब्जियों में नमक की मात्रा** - आहार में नमक कम चाहते है तो पैक्ड सब्जी या फल में चेक करे कि उसमें कहीं अतिरिक्त नमक तो नहीं मिलाया गया। डिब्बाबंद फलों और सब्जियों के स्वाद और पौष्टिकता भरपूर चाहते है तो इन्हें खोलने के बाद जल्द से जल्द इनका इस्तेमाल कर लें।

**फ्रोजन सब्जियों का लेबल जरूर करें चेक**- ऐसे फल और सब्जियां खरीदें जिसमें वसा और कैलोरी की मात्रा कम हो। इसके लिए उसका लेबल ध्यान से पढ़ें।

**सूखे फलों का सेवन कम मात्रा में करें**- सूखे फलों में फाइबर की काफी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन ए और सी के साथ-साथ पोटेशियम भी प्रचुर होता है। मगर इनकी मात्रा जितनी कम लेंगे, उतना अच्छा होगा। दरअसल, इन फलों को सुरक्षित रखने के लिए चीनी मिलाई जाती है, इसलिए उन्हें खरीदने से पहले लेबल जरूर ध्यान से पढ़ लें।

**स्नैक्स के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल** - इन फलों को स्नैक्स के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हें आप सलाद, पेनकेक्स, रोटी या दलिए के साथ मिलाकर भी खा सकते है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# डॉन 3 से कटा प्रियंका चोपड़ा का पत्ता?



**बॉलीवुड** के बादशाह शाहरुख खान की फिल्म 'डॉन' के तीसरे पार्ट को लेकर एक बार फिर चर्चाए तेज हो गयी है। इस फिल्म से जुडी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। डॉन 3 में कौन होगी शाहरुख खान की हीरोइन ये सवाल सबके मन में उठ रहा है। हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने अपनी ख्वाहिश जताते हुए डॉन 3 की एक्ट्रेस को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए है। रिपोर्ट्स की माने तो डॉन के नेक्स्ट पार्ट में शाहरुख खान के ऑपोजिट प्रियंका चोपड़ा नजर नहीं आने वाली। दरअसल शाहरुख खान की डॉन 3 का फैंस का काफी इंतजार है। फिल्म में शाहरुख जहां, डॉन का किरदार निभाते हैं तो प्रियंका चोपड़ा भी रोमा के अहम किरदार में दिखती हैं। मगर अब प्रियंका की जगह इस फिल्म में मृणाल ठाकुर नजर आ सकती है। दरअसल, हुआ ये कि हाल ही में मृणाल ठाकुर ने #askmrunal सेशन रखा था। इस दौरान एक सोशल मीडिया यूजर ने ट्वीट किया, डॉन 3 साइन कर लो न मैम, शाहरुख खान सर के साथ में, रोमा के किरदार में। इस ट्वीट का जवाब देते हुए मृणाल ने लिखा, ड्रीम।

# टीवी के इस एक्टर ने भी तोड़ा था दिशा का दिल



**बॉलीवुड** की डीवा और ब्यूटी क्वीन कही जाने वाली दिशा पाटनी आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। दरअसल एक्ट्रेस कभी अपने प्रोफेशनल लाइफ को लेकर तो कभी अपने पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। वही एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ की बात हो और उनके सो कॉल्ड बॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ की बात ना हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता। वही अब दोनों के ब्रेकअप की खबरें भी सामने आ रही हैं। लेकिन दोनों ने ना ही अपने रिश्ते पर और न ही अपने ब्रेकअप की खबर पर कोई मुहर लगाई है। लेकिन क्या आपको पता हैं की टाइगर श्रॉफ से पहले भी टीवी के के मशहूर कलाकार ने दिशा पाटनी का दिल ऐसे ही तोडा था। दरअसल टाइगर श्रॉफ से पहले दिशा पाटनी 'कसौटी जिंदगी की 2' के एक्टर पार्थ संतान को डेट कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिशा और टाइगर साल 2013 में एक दूसरे के साथ सीरियस रिलेशनशिप में थे। वही सोशल मीडिया पर दोनों की कई तस्वीरें भी सामने आई थीं। हालांकि दोनों का रिश्ता बहुत ज्यादा समय तक नहीं चला, क्योंकि कहा जाता हैं की पार्थ समथान ने दिशा को प्यार में धोखा दिया था।



ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011

G. D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY)

Admissions Open

Junior College

F.Y.J.C - Science
(MU248SPE)

F.Y.J.C - Commerce
(MU248CPE/ MU248CFE)

Contact Number:
9321558419

Degree College

College code: 527

Courses Offered
• B.Com
• B.Sc (CBZ)
• B.M.S
• B.Sc.I.T
• B.A.F

Contact Number:
9321303663

*Our college provides Placements*